**बिहार सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, मधुबनी**
**ई0– निविदा आमंत्रण सूचना**
**(Single Bid system)**

**ई0 निविदा संख्या – 10/भ0प्र0 मधुबनी/2026–27**

**कार्य की विवरणी :–**

| क्र0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य। (Internet payment Gateway/Chalan के माध्यम से) | विड प्रोसेसिंग शूल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Construction of Watch Tower (3 nos) at District Jail, Rampatti in Madhubani District for the year-2026-27 | 2121300.00 | 42500.00 | **5000.00** | **590.00** | 4 माह |

1 विज्ञापदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधुबनी।

2 निविदा आमंत्रण की तिथि :– 13/05/2026

3 निविदा को सिस्टम पर अपलोड करने की तिथि :– 25 /05/2026

4 निविदा कागजात डाउनलोड/ अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 17/06/2026 के 3:00 बजे अप0 तक।

5 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19/06/2026 के 3:30 बजे अप0 ।

6 निविदा बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– वेवसाईड www.eproc2.bihar.gov.in पर।

7 प्रिबीड मिटिंग की तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक 02.06.2026 को 12:30 बजे अप0 अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा का कार्यालय एवं दिनांक 05.06.2026 को 12:30 बजे अप0 मुख्य अभियंता, उत्तर उपभाग, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय।

8 निविदा कागजात जमा करने की अंतिम तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक 19.06.2026 को 3:00 बजे अप0 तक कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधुबनी/ अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा/ मुख्य अभियंता उत्तर उपभाग, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय।

9 निविदा वैघता की अवधि :– 120 दिन।

10. चतुर्थ श्रेणी में निबंधित, अद्यतन नवीकृत संवेदक,ही निविदा में भाग ले सकते हैं।
11. वैसे संवेदक निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) है, जिन पर किसी कारणवश पूर्व से आवंटित कार्य लंबित चल रहा है या जो आंवटित कार्य एकरारनामा नहीं किये हैं या फिर शुरू नही किये हैं, निविदा में भाग लेने के पात्र नही है।

12. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगा। ई–निविदा से संबंधित जानकारी ,एम / 22,बैंक ऑफ इंडिया बिल्डींग, रोड नं0–25, श्री कृष्णानगर, पटना–01 के दुरभाष संख्या –0612 2545306 से प्राप्त किया जा सकता है।

13 ई– निविदा में भाग लेने के इच्छुक संवेदकों को ई– प्रोक्योरमेंट के साथ निबंधन कराना होगा। वेबसाईट पर आवश्यक निबंधन प्रपत्र उपलब्ध है। इस निबंधन से ही उन्हें user ID तथा password मिलेगा। संवेदकों का DSC (Digital Signature Certificates) प्राप्त करना होगा। user ID, password, DSC, एवं इंटरनेट के उपयोग से ही संवेदक ई–निविदा में भाग ले सकेंगे।

14. निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर Tender free view में उपलब्ध है जिसे वेबसाईट से ही प्राप्त (डाउनलोड) किया जायेगा।

15. निविदा कागजात भर कर वेबसाईट पर ही जमा (अपलोड) किया जा सकेगा। निविदा खुलने की जानकारी वेबसाईट पर ही प्राप्त होगी। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का शुद्धि पत्र वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा।

16. परिमाण विपत्र का मूल्य Internet payment Gateway/Chalan के माध्यम से भुगतेय होगा।

17. अग्रधन की राशि कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधुबनी के नाम से प्रतिज्ञिप्त बैंक गारंटी (IFSC Code-SBIN0000127) / Internet payment Gateway/Chalan के रूप में होना अनिवार्य होगा, जिसकी वैधता निविदा प्राप्ति की तिथि से कम से कम 180 दिनों की अवधि तक का होना चाहिए।

18. परिमाण विपत्र का मूल्य का चालान की प्रति /बैंक **PRN No./GRN NO.** एवं अग्रधन की राशि का बैंक गारंटी मूल प्रति, **Internet payment Gateway/ Chalan** की प्रति निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा अग्रधन के रूप में संलग्न बैंक गारंटी (BG) मूल रूप में अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त– सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना के ज्ञापांक– 4533 (भ0) पटना, दिनांक 22.05. 2025 के आलोक में जमा करने की अनिवार्यता समाप्त की गई है। **BG** अथवा **E-BG** के रूप में **E.M.D** जमा किया जा सकता है। स्तम्भ 6 में अंकित **Bid-processing charge + service Tax** का भुगतान संवेदक को **Internet payment gateway (Credit/Debit Cards)** अथवा **Internet Banking** अथवा **NEFT/RTGS CHALLAN** के माध्यम से **B.S.E. D.C** के **Bid processing fee Account** में **Credit** करना होगा।

19 कार्य की पूर्ण जानकारी के लिए कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधुबनी अथवा अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा अथवा मुख्य अभियंता, उत्तर उपभाग, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

20 बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने / रदद् करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित है।

21 भवन निर्माण विभाग, पटना द्वारा निर्गत पत्रांक–5465 (भ) दिनांक– 07.06.11 निविदा का अंग माना जायेगा।

22 कुल प्राक्कलित राशि में वास्तविक खर्च का एक प्रतिशत निर्माण श्रमिक के लिए शेष के रूप में बिल भुगतान के समय काट लिया जायेगा।

23 परिमाण विपत्र की राशि अंक गणितीय गणना में स्वीकृति के पश्चात् घट या बढ़ सकती है। फलस्वरूप अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है। अंतिम रूप से स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुसार अग्रधन देय होगा।

24 निविदा के साथ निबंधन प्रमाण–पत्र, पैन नंबर, जी0 एस0 टी0, आचरण प्रमाण–पत्र एवं शपथपत्र (जो निविदा प्रकाशन तिथि के बाद का होना चाहिए ) संलग्न करना अनिवार्य होगा।

25 डिफेक्ट लिएविलिटी तीन (03) वर्ष मान्य होगा।

26 CA द्वारा Certified /Audited/Attested किये जाने वाले अंतिम तीन वर्षों का सभी Documents यथा Audited Balance sheet/ turnover certificated/ अन्य आवश्यक दस्तावेज पर UDIN नम्बर अंकित कराने के उपरांत ही निविदादाता इसे निविदा के साथ संलग्न करेंगे अथवा e-proc पर Upload करेंगे।

27. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि को (मध्यरात्रि से निविदा प्राप्ति के अंतिम समय तक) वेवसाईट WWW.epro2.bihar.gov.in सर्वर दो घंटे से अधिक समय तक लगातार डाउन रहता है तो निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि स्वतः अगले कार्य दिवस को उसी समय तक के लिए विस्तारित हो जाएगी।

28. यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश हो तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोलने की तिथि मानी जाएगी।

29. eproc2.0 Application में pass phrase के माध्यम से bid encryption का प्रावधान अनिवार्य किया गया है।

30. माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC No-9941/2022 बिहार संवेदक संघ बनाम बिहार सरकार एवं अन्य दिनांक 06.07.2023 को सुनवाई के उपरांत पारित न्यायादेश में वादी द्वारा दायर Writ याचिका को Dismissed कर दिया गया है। पथ निर्माण विभाग, बिहार के अधिसूचना सं0–447 (S) सह पठित ज्ञापांक 448 (S) दिनांक 16.01.2020 एवं भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 566 (भ) दिनांक 17.01.2020 में निहित शर्त्त इस निविदा में प्रभावी होंगे। अनुसूचित दर से कम दर उद्धृत करने पर अतिरिक्त जमानत की राशि एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा, जो निम्न प्रकार से है :–

**(क) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति ( Additional Performance Guarantee ) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।**

**(ख) परिमाण विपत्र की दर से 5 से 15 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति ( Additional Performance Guarantee ) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।**

**(ग) परिमाण विपत्र की दर से 15 से 20 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 01 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति ( Additional Performance Guarantee ) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।**

**(घ) परिमाण विपत्र की दर से 20 प्रतिशत से अधिक कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 02 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।**

31. सिर्फ तकनीकी बीड उपर्युक्त कंडिका 5 मे उल्लेखित तिथि एवं समय पर खोला जायेगा। तकनीकी बीड का मूल्यांकन निर्धारित अंक तालिका के आधार पर किया जायेगा एवं तदनुरूप तकनीकी बीड में योग्य पाये जाने वाले संवेदक/संवेदकों का ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

32. आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान किया जायेगा। इस मद में कोई दावा या ब्याज इत्यादि अनुमान्य नहीं होगा।

33. अन्य शर्त्तें

(i) निविदा में निर्धारित अवधि के अन्तर्गत ही कार्य को पूरा करना होगा। विशेष परिस्थिति को छोड़कर, अवधि विस्तार की स्वीकृत नहीं दी जायगी।

(ii) संवेदक को आवंटित कार्य से संबंधित आवश्यकतानुसार सभी यंत्र–सयंत्रों, गुण–नियंत्रण उपकरणों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। जिसके लिए किसी प्रकार का अग्रिम देय नहीं होगा।

(iii) दस्तावेजों की मूल प्रति को सक्षम पदाधिकारी, द्वारा मांगने पर प्रस्तुत करना होगा।

(iv) दर के संबंध में और कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(v) सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

34. निविदा दर प्रस्ताव के साथ तकनीकी बीड में एक पृथक पृष्ठ (चेकलिस्ट) पर निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों/वांछित सूचनाओं पृष्ठ संख्या के साथ अंकित करते हुए अपलोड (UPLOAD) किया जाना है।

(i) संवेदक के अधीन चल रहे कार्यों एवं लम्बित कार्यों की राशि सहित सूची। यदि कोई कार्य नहीं चल रहा हो अथवा कोई कार्य लम्बित नहीं हो तो इस आशय का शपथ पत्र/घोषणा पत्र।

(ii) घोषणा का शपथ पत्र :–

" मैं अद्योहस्ताक्षरी (साफ–साफ बेड़ अक्षरों में नाम) .............................. सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी श्री ........ .................. शपथ पूर्वक घोषण करता/करती हूँ कि :–

(क) मेरे/हमारे विरूद्ध किसी प्रकार का अपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचारधीन नहीं है।

(ख) मुझे/हमें किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान द्वारा डिबार (Debar), ब्लैकलिस्टेड (Blacklisted) अथवा विगत एक वित्तीय वर्ष के अदर रिसाइन्ट (Re-scined) नहीं किया गया है।

(ग) मेरा/हमारा कोई निकटतक संबंधी (अभिप्रेत है पति/पत्नी, माता/पिता, भाई/बहन तथा इस तरह के ससुराल पक्ष के संबंधी) संबंधित कार्य प्रमंडल में कनीय अभियंता/सहायक अभियंता/कार्यपालक अभियंता/प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी/लेखापाल के रूप में कार्यरत नहीं है।

(घ) निविदा में संलग्न सभी प्रमाण–पत्र, कागजात, विवरणी सत्य हैं।

उपर्युक्त कंडिका 'क', 'ख' एवं 'ग' में गलत सूचना देने का दोषी पाये जाने अथवा कंडिका 'घ' में से कोई अभिलेख असत्य, नकली, जाली पाये जाने पर सक्षम प्राधिकार, मेरे/हमारे ऊपर विधि सम्मत दण्ड, मेरे/हमारे निबंधन को काली सूची में दर्ज करने, प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होंगे''

35. इस निविदा का विज्ञापन वेबसाईट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, मधुबनी।

ज्ञापांक ........................................ /मधुबनी, दिनांक ..............................

प्रतिलिपि निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, पटना द्वारा– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, मधुबनी को समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु एक अदद प्रतियों के साथ समर्पित।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, मधुबनी।

ज्ञापांक ........................................ /मधुबनी, दिनांक ..............................

प्रतिलिपि प्राक्कलन पदाधिकारी, लेखा पदाधिकारी एवं रोकड़पाल भवन प्रमंडल, मधुबनी को सूचनार्थ प्रेषित ।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, मधुबनी।

ज्ञापांक ........................................ /मधुबनी, दिनांक ..............................

प्रतिलिपि अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा एवं मुख्य अभियन्ता, उत्तर उपभाग, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू समर्पित।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, मधुबनी।

ज्ञापांक 898 /मधुबनी, दिनांक 13/05/2026

प्रतिलिपि आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/05/26

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, मधुबनी।

13.05.26